# स्टेट डेस्क: 1230 बोतल नकली डाबर गुलाब जल बरामद

Publish Date:Sat, 23 Feb 2019 08:43 PM (IST)



किशनगंज। बहादुरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलआरपी चौक स्थित एक गोदाम से डाबर की नकली गुलाब जल की 1230 बोतलें बरामद की गई हैं। कंपनी के जांच दल की शिकायत पर बहादुरगंज थाने की पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में डाबर कंपनी के रैपर भी बरामद किये गये हैं। शनिवार की सुबह छापेमारी की भनक लगते ही आरोपित रामनाथ यादव मौके से भाग निकला, लेकिन शाम को वह एलआरपी चौक पर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रैपर व अन्य सामानों की बरामदगी से इसे नकली गुलाब जल की मिनी फैक्ट्री होने की बात कही जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ¨सह ने इस संबंध में बताया कि आरोपित से पूछताछ व मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर डाबर इंडिया कंपनी के जांच अधिकारी चंदेश्वर ¨सह व रंजीत कुमार ¨सह ने एलआरपी चौक स्थित एक जनरल स्टोर पहुंचे। रामनाथ यादव के जनरल स्टोर से नकली डाबर गुलाब जल की कई बोतलें मिलने के बाद जांच दल के सदस्यों ने पुलिस मे शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जनरल स्टोर की छानबीन की। जिसमें पुलिस ने दुकान के पीछे बने गोदाम से 69 एमएल की 1230 बोतल नकली डाबर गुलाब जल बरामद की। इसके अलावा दुकान के अंदर से करीब 10 हजार रैपर भी बरामद किये गये। जिससे पता चला कि दुकान की आड़ में नकली डाबर गुलाब जल बनाने का काम जोरों पर चल रहा था। पुलिस की छापेमारी की भनक लगते ही आरोपित दुकानदार दुकान छोड़कर फरार हो गया, लेकिन नाटकीय ढ़ंग से उसे शाम को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। बताया जाता है कि लगभग सालभर से यह कारोबार आरोपित के द्वारा संचालित किया जा रहा था। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ¨सह ने बताया कि डाबर इंडिया कंपनी के जांच अधिकारी की लिखित शिकायत पर आरोपितों के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/kishanganj-recover-18983971.html